## महत्वपूर्ण एवं खास

### पटेलपाली के स्कूली बच्चों को जूटमिल पुलिस बताई अच्छे और बुरे स्पर्श में फर्क

**रायगढ़।** चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू के मार्गदर्शन पर चौकी क्षेत्र में पुलिसकर्मियों द्वारा बीट स्तर पर चौपाल लगाकर लोगों को अपराधों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 01/12 /2021 को चौकी जूटमिल के आरक्षक जितेश्वर चौहान एवं आरक्षक घनश्याम ध्रुव द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पटेलपाली में चौपाल लगाकर बच्चों को अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें बचाव के उपाए बताये गये। आरक्षकों द्वारा छात्र, छात्राएं को कहा गया कि गलत तरीकों से छूने, स्पर्श करने वालों का विरोध करें घबराएं नहीं शोर मचाकर मदद के लिए बुलावें। पुलिसकर्मियों द्वारा बच्चों को घटना, दुर्घटना या अन्य समस्या होने पर डायल 112 पर कॉल कर पुलिस से मदद लेना बताया गया। कार्यक्रम में सुरक्षित यातायात के लिए बच्चों को बांए चलने व नाबालिगों को वाहन चलाने से मना किया गया। पुलिसकर्मियों द्वारा मोबाइल में गेम खेलने से बचने और पढ़ाई के साथ आउटडोर गेम में हिस्सा लेने कहा गया।

### तहसील स्तर पर हो रहा है किसान पंजीयन संबंधी त्रुटि सुधार

**रायगढ़ ।** भ्रम में थे किसान, नहीं हुआ रकबा संशोधन एवं खरीदी से 3 दिन पहले पोर्टल से गायब हुआ धान का रकबा से संबंधित खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में सहकारी संस्थाएं रायगढ़ के उप पंजीयक ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में धान विक्रय हेतु नवीन कृषक पंजीयन एवं गत वर्ष के वर्ष पंजीकृत कृषकों के रकबा संशोधन हेतु निर्धारित प्रक्रिया अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के सत्यापन उपरांत सहकारी समितियों द्वारा नवीन पंजीयन एवं संशोधन की प्रविष्टि की गई है। एकीकृत किसान पोर्टल से धान विक्रय संबंधी पंजीयन एवं संशोधन का डाटा धान खरीदी मॉड्यूल में स्थानांतरित किया गया है। धान खरीदी मॉड्यूल में पंजीयन संबंधी दावा-आपत्ति के निराकरण हेतु 23 नवम्बर 2021 से तहसील मॉड्यूल के माध्यम से भुईयां पोर्टल में दर्ज गिरदावरी डाटा अनुसार किसान पंजीयन में रकबा संशोधन/अपडेशन की कार्यवाही का कार्य किया जा रहा है।

### छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन 15 दिसम्बर तक

**रायगढ़ ।** जिले के शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, आईटीआई, पालीटेक्निक, कृषि महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया गया है कि वे विभाग के नवीन पोर्टल वेबसाइट पर शिक्षा सत्र 2021-22 के लिए आनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन 15 दिसम्बर तक करवा सकते हैं। संस्थाओं से प्रस्ताव लॉक करने के लिए 22 दिसंबर तक तिथि निर्धारित की गई है। संस्था में अध्ययनरत पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन की समस्त च प्रक्रियाओं पूर्ण कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में संस्था प्रमुख निर्धारित तिथि तक प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ द्वारा दी गई है।

# जिले में धान खरीदी की हुई शुरूआत







**रायगढ़ ।** जिले में 01 दिसम्बर से धान खरीदी की शुरूआत हो गई। पहले दिन 72 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की गई। कलेक्टर भीम सिंह ने आज धान खरीदी के पहले दिन धनागर एवं कोतरा पहुंचे। यहां उन्होंने धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। धान बेचने पहुंचे किसानों से उन्होंने चर्चा की और समिति प्रबंधकों को किसानों द्वारा लाए गए धान की सही तौलाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसान बारदानें एवं मिलर्स बारदानों का भी निरीक्षण किया। समिति प्रबंधक ने बताया कि किसान स्वस्फूर्त से किसान बारदाना ला रहे है। धनागर खरीदी केन्द्र के प्रबंधक ने बताया कि खरीदी केन्द्र में 3 हजार बोरी प्रतिदिन की खरीदी का लक्ष्य है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सभी किसानों का पंजीयन हो चुका है एवं टोकन दिया जा रहा है। धान की क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुरेन्द्र कुमार गोंड़ को निर्देशित किया।

### शुभारंभ में पहुंचे कलेक्टर भीम सिंह

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने धान विक्रय करने पहुंचे कुसमुरा निवासी किसान अमृत लाल नायक से धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्था संबंधी चर्चा की।

इसके पश्चात कलेक्टर सिंह धान खरीदी केन्द्र कोतरा पहुचे। वहां धान खरीदी केन्द्र में आने वाले किसानों की सुविधाओं के लिए लगाए गए टीवी, कुर्सी एवं पेयजल से संबंधित सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने धान के स्टेकिंग के लिए बनाए गए चबुतरों के भी बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने धान के बोरियों की तौल करवायी। इस दौरान किसानों ने भुगतान से संबंधित समस्याओं से कलेक्टर सिंह को अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर सिंह ने अपेक्स बैंक को निर्देशित किया कि एटीएम वैन को निर्धारित स्थानों में संचालित किया जाए। ताकि किसानों को लेनदेन में कोई परेशानी न हो। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने ग्राम औराभांठा के किसान आलेख पटेल से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि खरीदी केन्द्र में सभी प्रकार की व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुरेन्द्र कुमार गोंड़, अपेक्स बैंक अधिकारी सहित समिति प्रबंधक, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**72 उपार्जन केन्द्रों में हुई खरीदी** – जिले में 72 धान उपार्जन केन्द्रों से खरीदी के लिए 852 टोकन जारी किए गए थे। जिसमें खबर लिखे जाने तक आज प्रथम दिन 633 टोकन से 23 हजार 823 क्विंटल धान खरीदी दर्ज की जा चुकी है। सभी केन्द्रों में प्रातः 9 बजे से धान खरीदी का कार्य शुरू हो चुका था, जो देर शाम तक चलता रहा। धान बेचने आने वाले किसानों में उत्साह देखने को मिल रहा था।

## कोतरारोड़ पुलिस के वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गए अभियान में 8 वारंटी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा द्वारा न्यायालय द्वारा जारी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। आज दिनांक 01/12/2021 को वारंट तामिली के लिये बनाये गये पुलिस टीम के छापेमारी में अलग-अलग मामलों के 08 वारंटियों को पकड़ा गया है। माननीय न्यायालय द्वारा सभी पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिनमें आरोपियों के साथ ही साक्षी है, जो माननीय न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहे थे। वारंटियों में 1-परमानंद उरांव पिता दशाराम उरांव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम धनागर थाना कोतरारोड़ 2- लाल कुमार उर्फ छोटे पिता शरद कुमार उरांव उम्र 24 वर्ष निवासी धनागर थाना कोतरारोड़ 3-अजय सिदार पिता धनसिंह सिदार उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 40 गोरखा थाना कोतरारोड़ 4- दिनेश सिदार पिता दुखीराम सिदार उम्र 25 साल निवासी कुसमरा थाना कोतरारोड़ 5- रंजीत कुमार उरांव पिता गणेश राम उरांव 22 वर्ष निवासी उच्चभिट्ठी थाना कोतरारोड़ 6- राजेंद्र राम पिता बिगुराम उम्र 28 वर्ष निवासी लभरा थाना हरिहरगंज जिला पलामू झारखंड हाल मुकाम अनूप रोड कैरियर पतरापाली थाना कोतरारोड़ 7- दिलेश्वर राणा पिता जीवन राणा उम्र 32 वर्ष निवासी कुसमरा थाना कोतरारोड़ 8- विजय कुमार सिदार पिता धन सिंह सिदार उम्र 21 वर्ष निवासी गोरखा थाना कोतरारोड़ को जारी गिरफ्तारी वारंट के पालन में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा के मार्गदर्शन पर वारंटियों की धरपकड़ा में थाना कोतरारोड़ के प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार, आरक्षक राजेश खांडे एवं विकास प्रधान की अहम भूमिका रही है।

## बीजीय मसाला फसलों का प्रशिक्षण एवं बीज वितरण कार्यक्रम संपन्न

**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बोईरदादर, रायगढ़ के अखिल भारतीय मसाला अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत तमनार ब्लाक के ग्राम महलोई एवं घरघोड़ा ब्लाक के ग्राम बैहामुड़ा गोठान में बीजीय मसाला फसल पर प्रशिक्षण एवं बीज वितरण का कार्यक्रम 28 एवं 29 नवम्बर 2021 को किया गया। प्रशिक्षण में डॉ.ए.के.सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक, पौध रोग द्वारा मसाला फसलों के उन्नत कास्त तकनीकी एवं इसके लाभ पर गोठान प्रभारी से चर्चा की गई। कृषकों को यह भी बताया गया कि यह मसाला बीजों का उपयोग सभी लोग



दैनिक जीवन में करते हैं। साथ ही साथ किसानों को मसाला बीज का उत्पादन कर और अधिक क्षेत्रफल में बढ़ाया जाय जिससे रायगढ़ जिला एवं प्रदेश बीजीय मसालों में आत्मनिर्भर बन सके। बैहामुड़ा गोठान मे भी बीजीय मसाला प्रदर्शन के लिए धनिया, मेथी, सौंफ, अजवाईन के बीज को डॉ.सिंह एवं जी.आर.राठिया द्वारा गोठान प्रभारी को प्रदाय किया गया।

## नृत्य व नाटक के माध्यम से प्रशिक्षण संस्थानों के कलाकारों ने दी एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान की प्रस्तुति

**रायगढ़ ।** महापौर श्रीमती जानकी काटजू के मुख्य आतिथ्य में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में रायगढ़ के कमला नेहरू उद्यान में जिंदल फाउण्डेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में प्रशिक्षण संस्थान के कलाकारों ने एचआईवी एड्स जनजागरूकता अभियान के तहत नृत्य व नाटक के माध्यम से अपनी कला की प्रस्तुति दी।

कला दल के प्रमुख गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि एचआईवी एड्स नियंत्रण के लिये जानकारी ही सही बचाव है। गजेन्द्र सिंह के सहयोगी कलाकार नीरज यादव, नेहा चौहान, पूजा चौहान, कपिल यादव, शिवम दुबे, नेत्रानंद खमारी व वाद्य कलाकारों की सहभागिता



से एचआईवी एड्स को नुक्कड़ नाटक कर लोगो को इसके लिये जागरूक किया तथा स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों व अधिकारियों द्वारा इसके फैलने व बचने के आसान उपायो के बारें में जानकारी दी गई। जिन लोगों ने जानकारी के अभाव में अपनी जान गवायी उनके लिये दीप प्रज्जवलित कर उन्हें श्रद्धाजंली अर्पित किया गया। इस मौके पर एड्स संदेश के गुब्बारे छोड़े गये।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. टी.के. टोण्डर, डॉ.योगेश पटेल, मीडिया प्रभारी श्रीमती उमा महंत तथा जिंदल फाउण्डेशन के सी.एस.आर विभाग से कार्यकारी उपाध्यक्ष संजीव चौहान, जैन सिंह ठाकुर, तरूण बघेल, माधव पटेल, इरसाद रज्जा, छत्तर सिंह, जगन्नाथ साहू, चंदा तिवारी, रेणु सिंह, उखराज डनसेना सरोजनी निषाद, रूपधर उज्जवल आदि उपस्थित रहे।

## लोहे का कत्ता से लोगों को डरा रहे व्यक्ति पर कनकबीरा पुलिस की आर्म्स एक्ट की कार्रवाई





**रायगढ़।** आज दिनांक 01/12/2021 चौकी प्रभारी कनकबीरा उपनिरीक्षक एम.डी. जायसवाल को मुखबिर द्वारा ग्राम कांदुरपाली में एक व्यक्ति लोगों को कत्ता लेकर डराने-धमकाने की सूचना दिया गया। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी चौकी के आरक्षक मुकेश साहू एवं गुलशन चौधरी के साथ ग्राम कांदुरपाली पहुंचे, जहां ग्राम कांदुरपाली का ईश्वर थुरिया पिता तिलकराम थुरिया उम्र 45 वर्ष गांव में लोहे का कत्ता लेकर आने जाने वाले को दिखाकर डरा धमका रहा था। पुलिसकर्मियों द्वारा सुरक्षापूर्वक ईश्वर थुरिया से लोहे का कत्ता को अपने कब्जे में लेकर आरोपी को चौकी लाया गया। आरोपी पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप हेतु प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्टबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रायगढ़ स्टेडियम में आज 01 दिसम्बर से सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप हेतु पुरूष वर्ग का प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 6 दिसम्बर 2021 तक चलेगा। प्रशिक्षण का समय सुबह 07 से 10 बजे तक और शाम को 03 से 05 बजे तक रहेगा।



सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि सॉफ्टबॉल के अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक, प्रदीप कुमार साहू द्वारा सॉफ्टबॉल पुरूष वर्ग के 20 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण लिया जा रहा है। प्रदीप खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ स्टेडियम में पदस्थ हैं, साथ ही वे छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल के हेड कोच भी हैं। प्रशिक्षण शिविर में रायपुर से 09, दुर्ग से 08, मुंगेली से 01, बेमेतरा से 01, रायगढ़ से 01 खिलाड़ी शामिल हैं। प्रशिक्षण शिविर के बाद अंतिम 18 खिलाड़ियों का चयन 24 से 28 दिसम्बर 2021 तक अनंतपुर, आंध्रप्रदेश में आयोजित होने वाले 43वीं सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु की जाएगी। छत्तीसगढ़ पुरूष वर्ग ने सीनियर नेशनल में विगत 2014 से लगातार 07 बार गोल्ड मेडल जीता है।

## एसडीएम धान खरीदी केन्द्रों का करें निरीक्षण-कलेक्टर

### » कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने आज से प्रारंभ हुई धान खरीदी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग को दिए। उन्होंने विभाग से बारदानों के संग्रहण पर समीक्षा की। जिस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में मिलर से बारदाने आ गए है तथा समितियों तक पहुंचायी जा चुकी है। कलेक्टर सिंह ने कहा पूरी खरीदी के दौरान उपार्जन केन्द्रों में अगले एक सप्ताह का बारदाना स्टॉक किया हुआ हो। बारदानें की किसी प्रकार की कमी आने पर तत्काल उच्च अधिकारी को सूचित करें। सभी एसडीएम धान खरीदी केन्द्रों का



निरीक्षण करें। इसके अलावा तहसीलदार संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों तथा बार्डर पर स्थित धान खरीदी केन्द्रों की मॉनिटिरिंग करें, साथ ही तहसीलदार इन धान खरीदी केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे लगें है सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने चेक पोस्ट में कर्मचारियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विवादित धान खरीदी केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि एटीएम वैन की उपलब्धता घरघोड़ा व तमनार में सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीण पैसे का लेनदेन कर सकें। इस दौरान उन्होंने आरआई तथा पटवारियों की ज्वाइनिंग की जानकारी ली। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि सभी स्थानों में ज्वाइनिंग ले लिया गया है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने विदेशों से जिले में आने वाले यात्रियों को ट्रेस करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने फायर सेफ्टी नार्म्स के तहत अस्पताल एवं बहुमंजिला ईमारतों को पुरानी रिपोर्ट के आधार पर अग्नि शमन की व्यवस्था की जांच पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी मल्टीएक्टीविटी सेंटर वाले गोठानों में बिजली की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर सिंह ने जिले के गोठानों के पशुओं के लिए पैरा इकट्टा कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सभी सीईओ को निर्देशित किया कि पैरा इकट्टा का कार्य तेजी से किया जाए। उन्होंने प्राइवेट एम्बुलेंस का मैंपिग की समीक्षा की एवं मैंपिग का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यो एवं सड़क निर्माण कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रकार के निर्माण कार्यो की गति बढ़ाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। कलेक्टर सिंह ने ओवरलोड वाहनों पर पुलिस एवं परिवहन विभाग को नियमित कार्रवाही करने एवं रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480